Bharat Temples

हनुमत तुझको पुकारे तेरा दास रे, तेरा दास रे ओ मेरे बाबा हनुमान रे हनुमत तुझको पुकारे Bhajans Bhakti Songs

हनुमत तुझको पुकारे तेरा दास रे, तेरा दास रे
ओ मेरे बाबा हनुमान रे .....हनुमत तुझको पुकारे......

हमको तो दे दे हनुमत, अब तो सहारे ॥
झूठे इस जग में बाबा, हम सब से हारे ॥
आ के दया का हाथ तू मेरे, सिर पे रख हनुमान रे
हनुमत तुझको पुकारे......

हम तो शरण में बजरंग, आये तुम्हारे ॥
तू ही बता दे अब हम, किसको पुकारे ॥
थाम ले अब तो हाथ तू मेरा, डूब कहीं न जाये रे
हनुमत तुझको पुकारे......

कहता मनु के तेरे, दर पे जो आता ॥
भर के मुरादों वाली, झोली ले जाता ॥
अंजनी प्यारे राम दुलारे, रखियो सबकी लाज रे

हनुमत तुझको पुकारे तेरा दास रे तेरा दास रे
ओ मेरे बाबा, हनुमान रे हनुमत तुझको पुकारे तेरा दास रे
ओ मेरे बाबा ।।।

भजन रचना :-
मनोज कुमार ठठेरा मनु
झुंझुनू राज.

Source: https://www.bharattemples.com/hanumat-tujhko-pukare-tera-daas/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw